# चार कंपनियों को मिलेगी 44.30 करोड़ की प्रोत्साहन राशि : नंदी

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत चार कंपनियों व इकाइयों को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 44.30 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। जल्द ही इन कंपनियों को धनराशि प्रदान की जाएगी। इससे उद्यमियों को कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। औद्योगिक विकास मंत्री ने बताया कि 2017 से पहले जहां उत्तर प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था। वहीं योगी सरकार में प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है। प्रदेश सरकार ने निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन योजना नीति के तहत विशिष्ट नीतियां घोषित की हैं। इनके अंतर्गत सब्सिडी, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति एवं व्यवसायों के लिए अन्य वित्तीय प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। ब्यूरो